पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

——————

राज्यपाल के साथ प्रदेश के 09 कुलपतियों ने चण्डीगढ़ के दो शिक्षा संस्थानों की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया

——————

लखनऊः 8 जून, 2022

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज अपने चण्डीगढ़ भ्रमण के दौरान उत्तर प्रदेश के 9 विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ इण्डियन स्कूल ऑफ बिजनेस मोहाली, तथा चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय – मोहाली का भ्रमण किया। इस दौरान राज्यपाल जी ने संस्थानों की व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने शोध प्रयोगशालाओं, इन्फ्रास्ट्रक्चर, परिसरों का निरीक्षण, छात्रावासों, एल्युमनी परिसर मैनेजमेंट सहित उष्मायन केन्द्र सेन्टर तथा पी.एच.डी. विभाग सभी प्रमुख व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और विद्यार्थियों से संवाद किया।

राज्यपाल जी ने अपने साथ आये कुलपतियों को संस्थान की बेस्ट प्रैक्टिसेस, एल्युमुनाई नेटवर्क और विद्यार्थियों को प्राप्त सुविधाओं के गहन विश्लेषण के साथ जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे वहां की अच्छी व्यवस्थाओं का उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों में भी क्रियान्वयन कराया जा सके।

ज्ञात हो चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय मोहाली नैक द्वारा 'ए प्लस' श्रेणी में वर्गीकृत हैं, जबकि इण्डियन स्कूल ऑफ बिजनेस, मोहाली अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च रैंकिंग प्राप्त संस्थान है। राज्यपाल जी के साथ आए प्रदेश के कुलपतिगण इन संस्थानों की व्यवस्थाओं का अध्ययन करने गए हैं। जिससे वहां पर जो अच्छी व्यवस्थाएं हैं। उन्हें अपने प्रदेश के विश्वविद्यालयों में लागू कराया जा सके।

संस्थानों में राज्यपाल जी के भ्रमण के दौरान उनके साथ गए कुलपतियों में आलोक कुमार राय, लखनऊ विश्वविद्यालय, विनय पाठक, छत्रपति साहू जी

महाराज– विश्वविद्यालय कानपुर, श्री एच.वी. श्रीवास्तव सिद्धार्थ– विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर, मुकेश पाण्डेय–विश्वविद्यालय, बुंदेलखण्ड झांसी, संगीता शुक्ला चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ, नरेन्द्र बहादुर सिंह ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा– विश्वविद्यालय लखनऊ, राजेश सिंह दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर, अखिलेश सिंह प्रो0 राजेन्द्र सिंह –विश्वविद्यालय, प्रयागराज तथा के.पी. सिंह महात्मा ज्योति राव फूले विश्वविद्यालय, बरेली उपस्थित थे।

इसके अतिरिक्त एक अन्य कार्यक्रम में राज्यपाल जी ने चण्डीगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय डॉल्स म्यूजियम तथा सुखना झील के निकट बर्ड पार्क का भ्रमण किया। ज्ञातव्य है कि अंतर्राष्ट्रीय गुड़िया संग्रहालय भारत में अपनी तरह का पहला संग्रहालय है जो ऐतिहासिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक, कलात्मक, फैशन डिजाइन और पोशाक सुविधाओं के साथ विदेशी और स्वदेशी गुड़िया सहित लगभग 32 विभिन्न देशों की विख्यात गुड़िया के मूल्यवान और अमूल्य संग्रह को संग्रहालय में प्रदर्शित करता है।

———————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (218/7)
डॉ0 सीमा गुप्ता–सूचना अधिकारी
सम्पर्क सूत्र– 9453005360

ISB